|| बांके बिहारी मुझको देना सहारा भजन ||

Chalisamantras.com

बांके बिहारी मुझको देना सहारा,
कहीं छूट जाए ना दामन तुम्हारा ।

तेरे सिवा दिल में समाए ना कोई,
लगन का यह दीपक भुजाये ना कोई,
तू ही मेरी कस्ती तू ही है किनारा,
कहीं छूट जाए ना दामन तुम्हारा ।

बांके बिहारी मुझको देना सहारा,
कहीं छूट जाए ना दामन तुम्हारा ।

तेरे रास्ते से हटाती है दुनिया,
इशारो से मुझको बुलाती है दुनिया,
देखू न हरगिज़ मैं दुनिया का इशारा,
कहीं छूट जाए ना दामन तुम्हारा ।

बांके बिहारी मुझको देना सहारा,
कहीं छूट जाए ना दामन तुम्हारा ।

तेरे नाम का गाना गाता रहू मैं,
सुबह शाम तुझको रिझाता रहूं मैं,
तेरा नाम मुझको है प्राणों से प्यारा,
कहीं छूट जाए ना दामन तुम्हारा ।

बांके बिहारी मुझको देना सहारा,
कहीं छूट जाए ना दामन तुम्हारा ।

बड़ी भूल की जो मैं दुनिया में आया,
मूल भी खोया और ब्याज भी खोया,
दुनिया में मुझको ना भेजो ना दोबरा,
कहीं छूट जाए ना दामन तुम्हारा ।

Chalisamantras.com

बांके बिहारी मुझको देना सहारा,
कहीं छूट जाए ना दामन तुम्हारा ।

बहुत उम्र बीती अभी तक न आये,
बैठा हू कबसे मैं पलकें बिछाये,
जल्दी से आजा नटवर तेरा सहारा,
कहीं छूट जाए ना दामन तुम्हारा ।

बांके बिहारी मुझको देना सहारा,
कहीं छूट जाए ना दामन तुम्हारा ।

Chalisamantras.com

Chalisamantras.com